# Admission to four-year Ph.D. Program in Management (Practice Track) of IIM Raipur

## Extended application deadline is November 17, 2024

**Synopsis**

- Applications are invited for the four-year Ph.D. Program in Management (Practice Track) at IIM Raipur.
- The application deadline has been extended till November 17, 2024.
- Please visit https://iimraipur.ac.in/about-the-programme/ for the minimum eligibility criteria

**Raipur, November 13, 2024**: Application for the admission to the Ph.D. program in Management (Practice Track) of IIM Raipur for the academic year 2024-2025 is open. The four-year Ph.D. program is specifically designed for experienced management professionals, providing a platform to explore their educational career through a combination of scholarly learning with practical managerial, entrepreneurial, and professional expertise.

**The application deadline has been extended until November 17, 2024.**

The doctoral program in Management (Practice Track) offers specialization in various domains like Economics & Public Policy, Finance and Accounting, Information Systems, Human Resource Management (HRM) & Organizational Behaviour (OB), Humanities & Liberal Arts (Including Business Communication) Marketing Management, Operations and Quantitative Techniques, Strategic Management.

Students with a Master's degree (or equivalent) in a relevant field, or a Bachelor's degree in engineering (B.E/ B.TECH/B.ARCH) from a recognized institution, or working professionals having CA/ICWA, PGP/EPGP/PGPWE from IIMs with more than six years of work experience in managerial/ entrepreneurial/ professional experience or in any industry are eligible for this Ph.D. program.

Prof. Ram Kumar Kakani, Director, IIM Raipur, stated, "Glad to have our esteemed Faculties take These initiatives at IIM Raipur are the testaments to our commitment in fostering innovative learning environments that blend academic excellence. The Ph.D program will offer the distinctive learning on research principals and theoretical concepts, empowering scholars to advance knowledge and drive innovation in their field. At IIM Raipur, we welcome the scholarly minds into the world unique academic excellence where research, and leadership converge to shape the leaders of tomorrow".

The program provides an excellent opportunity for professionals with management and entrepreneurial backgrounds to contribute to the world of academics and research by leveraging their domain expertise and deepening their theoretical and methodological knowledge in management. The participants will gain the tools and knowledge required for impactful research. These practical insights will contribute to the evolution of management practices and theories.

For more information visit: [https://iimraipur.ac.in/about-the-programme/](https://iimraipur.ac.in/about-the-programme/)



प्रबंधन (प्रैक्टिस ट्रैक) में चार वर्षीय पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश, भा.प्र.सं. रायपुर

आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई गई है: 17 नवंबर, 2024


सारांश

भा.प्र.सं. रायपुर के प्रबंधन (प्रैक्टिस ट्रैक) में चार वर्षीय पीएचडी कार्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 17 नवंबर, 2024 तक बढ़ा दी गई है।

न्यूनतम पात्रता मानदंड के लिए कृपया https://iimraipur.ac.in/about-the-programme/ देखें।


रायपुर, 13 नवंबर, 2024: शैक्षणिक वर्ष 2024-2025 के लिए भा.प्र.सं. रायपुर के प्रबंधन (प्रैक्टिस ट्रैक) पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन खुले हैं। यह चार वर्षीय पीएचडी कार्यक्रम विशेष रूप से अनुभवी प्रबंधन पेशेवरों के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो शैक्षणिक और व्यावसायिक अनुभव को संयोजित करके शैक्षिक करियर को आगे बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान करता है।

आवेदन की अंतिम तिथि 17 नवंबर, 2024 तक बढ़ा दी गई है।

प्रबंधन (प्रैक्टिस ट्रैक) में डॉक्टरेट कार्यक्रम अर्थशास्त्र और सार्वजनिक नीति, वित्त और लेखांकन, सूचना प्रणाली, मानव संसाधन प्रबंधन (एचआरएम) और संगठनात्मक व्यवहार (ओबी), मानविकी और उदार कला (व्यवसाय संचार सहित), विपणन प्रबंधन, संचालन और मात्रात्मक तकनीक, और रणनीतिक प्रबंधन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्रदान करता है।

प्रासंगिक क्षेत्र में मास्टर डिग्री (या समकक्ष) वाले छात्र, मान्यता प्राप्त संस्थान से इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री (बी.ई./बी.टेक/बी.आर्क) वाले, या आईआईएम से सीए/आईसीडब्ल्यूए, पीजीपी/ईपीजीपी/पीजीपीडब्ल्यूई के साथ छह वर्षों से अधिक का प्रबंधन/उद्यमिता/पेशेवर अनुभव रखने वाले कार्यरत पेशेवर इस पीएचडी कार्यक्रम के लिए पात्र हैं।

भा.प्र.सं. रायपुर के निदेशक, प्रोफेसर राम कुमार काकानी ने कहा, “हमारे प्रतिष्ठित संकायों द्वारा उठाए गए इन प्रयासों पर हमें गर्व है। ये पहल हमारे अकादमिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। पीएचडी कार्यक्रम शोध सिद्धांतों और सैद्धांतिक अवधारणाओं पर विशेष शिक्षण प्रदान करेगा, जो विद्वानों को ज्ञान की उन्नति और उनके क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने में सक्षम बनाएगा। आईआईएम रायपुर में, हम अनुसंधान और नेतृत्व के एक अद्वितीय शैक्षणिक उत्कृष्टता के वातावरण में विद्वान मस्तिष्कों का स्वागत करते हैं, जहाँ शोध और नेतृत्व भविष्य के नेताओं को आकार देने के लिए एक साथ आते हैं।”

यह कार्यक्रम प्रबंधन और उद्यमिता पृष्ठभूमि वाले पेशेवरों के लिए एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है ताकि वे अपने क्षेत्र की विशेषज्ञता का उपयोग कर अकादमिक और अनुसंधान के क्षेत्र में योगदान कर सकें और प्रबंधन में अपने सैद्धांतिक और पद्धतिगत ज्ञान को और गहरा कर सकें। प्रतिभागियों को प्रभावशाली शोध के लिए आवश्यक उपकरण और ज्ञान प्राप्त होंगे। ये व्यावहारिक अंतर्दृष्टियाँ प्रबंधन प्रथाओं और सिद्धांतों के विकास में योगदान देंगी।

अधिक जानकारी के लिए देखें: https://iimraipur.ac.in/about-the-programme/

INDIAN INSTITUTE OF MANAGEMENT RAIPUR

भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर

Building Business Owners